तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## खबर संक्षेप

### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम लभराकला में महिला के साथ मारपीट के आरोप में उसके पति के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को डिगेश टंडन ने बताया कि 28 जनवरी को वह घर के सामने चबूतरे में बैठा था, तभी भतीजी पूर्वी टंडन आई और बताया कि पापा घर में मम्मी को जान से मारने की धमकी देते हुए लोढ़ा से मारपीट कर रहे है। जब वह अपने बड़े भाई एन कुमार टंडन के घर अंदर जाकर देखा तो भाभी गंगा टंडन जमीन में खून से लथपथ बेहोश अवस्था में पड़ी थी, जिसके सिर एवं मुंह में चोट आई थी, वहीं भाई एन कुमार टंडन घटनास्थल पर नहीं था। घायल भाभी को निजी अस्पताल लाकर भर्ती किए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जुआ खेल रहे छह लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** अर्जुंडा चौक के आगे खुले मैदान में जुआ खेल रहे छह लोगों पर सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को 28 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अर्जुंडा चौक के आगे खुला मैदान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर 06 लोगों को पकड़े। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सहदेव पटेल पिता स्व. बिंदा प्रसाद (58 वर्ष) छिबर्रा थाना सरायपाली, दिनेश भोई पिता लंकाधर भोई (45 साल) अर्जुंडा थाना सरायपाली, मनोरंजन भोई पिता श्यामलाल भोई (54 वर्ष) पंडापारा थाना सरायपाली, मिनकेतन पटेल पिता मोहित लाल पटेल (50 वर्ष) मुड़पहार थाना बलौदा, जितेंद्र प्रधान पिता गिरधारी प्रधान (39 साल) गोहिरापाली थाना सरायपाली, चित्रसेन बिसी पिता स्व. नरोत्तम बिसी (60 वर्ष) अर्जुंडा थाना सरायपाली बताए। पुलिस ने फड़ से 12000 रुपए एवं जुआड़ियों के पास से 8500 रुपए कुल 20500 रुपए बरामद कर धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।

# जिले में गूंजेंगी शहनाइयां, फरवरी से शुरू होगा शुभ मुहूर्तों का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नए साल की शुरुआत के साथ ही अब मांगलिक कार्यों का इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। फरवरी माह से शुभ मुहूर्तों की शुरुआत होने जा रही है, जिससे जिले के बाजारों में एक बार फिर भारी चहल-पहल देखने को मिलेगी। ज्योतिष आचार्यों के अनुसार, वर्ष 2026 विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए अत्यंत फलदायी रहने वाला है। पंडितों और ज्योतिषियों के अनुसार, इस वर्ष वैवाहिक मुहूर्तों की भरमार है। ज्योतिषियों का कहना है कि फरवरी से शुरू होकर दिसंबर तक शादियों की लंबी श्रृंखला चलेगी। इसका सीधा असर जिले के व्यापार पर पड़ेगा। शहर के मुख्य बाजारों जैसे गांधी चौक, स्टेशन रोड और बीटीआई रोड पर स्थित कपड़ा दुकानों, ज्वेलरी शोरूम और बर्तन दुकानों में अभी से तैयारियां तेज हो गई हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि पिछले कुछ महीनों की सुस्ती के बाद अब बाजार पूरी तरह गुलजार रहेगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, आगामी महीनों में विवाह के लिए निम्नलिखित शुभ तिथियां निर्धारित हैं जिसमें फरवरी में 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25, 26, मार्च में 1, 3, 4, 7, 8, 9, 11, 12, अप्रैल में 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29, मई में 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13, 14, 17 मई से 15 जून तक अधिवास होने के कारण मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। इसके बाद जून के अंत और जुलाई की शुरुआत में कुछ मुहूर्त रहेंगे, फिर चातुर्मास (अगस्त, सितंबर, अक्टूबर) के दौरान भगवान विष्णु के शयनकाल में होने के कारण विवाह कार्य नहीं होंगे। नवंबर और दिसंबर में दोबारा शहनाइयां गूंजेंगी।

## बाजारों में एक बार फिर भारी चहल-पहल देखने को मिलेगी

### शुभ कार्यों की धूम

सिर्फ शादियां ही नहीं, बल्कि नए मकानों में गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार और उपनयन संस्कार के लिए भी इस साल कई श्रेष्ठ मुहूर्त हैं। महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों जैसे सरायपाली, बसना और पिथौरा में भी इन मुहूर्तों को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। टेंट हाउस, कैटरिंग सर्विस और फूलों की सजावट करने वाले व्यवसायी अभी से बुकिंग लेने लगे हैं।




### अर्थव्यवस्था को मिलेगा बूस्ट

जब शादियों का सीजन आता है, तो केवल बड़े व्यापारी ही नहीं, बल्कि छोटे वेंडर्स, ऑटो चालक, ब्यूटी पार्लर संचालक और बैंड-बाजे वालों को भी बड़े पैमाने पर रोजगार मिलता है। महासमुंद जिला, जो कृषि और मध्यम व्यापार पर आधारित है, वहां शादियों का सीजन स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है।

## उत्पाद शुल्क : तंबाकू उत्पादों के दाम में बढ़ोतरी की चर्चा

# महंगा हुआ नशा, बजट में टैक्स बढ़ने की आहट, विक्रेताओं ने दबाए माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



तंबाकू, सिगरेट और बीड़ी का सेवन करने वालों के लिए आने वाले दिन जेब पर भारी पड़ने वाले हैं। आगामी 1 फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट में तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने की आहट ने जिले के बाजार में हलचल तेज कर दी है। आलम यह है कि बजट आने से पहले ही थोक व्यापारियों ने माल दबाना शुरू कर दिया है, जिससे चिल्हर बाजार में कीमतें 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। शहर सहित ग्रामीण इलाकों के पान ठेलों पर अब ग्राहकों को पुराने दाम पर सामान नहीं मिल रहा है।

पान ठेला व्यवसायी व्यासनारायण ने बताया कि थोक व्यापारियों ने सामान की सप्लाई सीमित कर दी है। बाजार में शॉर्टेज बताकर सामान महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। थोक में दाम बढ़ने के कारण छोटे दुकानदारों को भी मजबूरी में कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं। जिले में जमाखोरी के चलते प्रशासन की निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। एक ओर सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सुरक्षा है, वहीं दूसरी ओर बिचौलिए इस स्थिति का फायदा उठाकर अवैध मुनाफाखोरी में जुट गए हैं। फिलहाल, जिले के तंबाकू, सिगरेट और बीड़ी का सेवन करने वाले लोगों को अपनी जेबें और ज्यादा ढीली करनी पड़ रही हैं।

### उपभोक्ताओं पर दोहरी मार

गुटखा और सिगरेट के शौकीनों के लिए अब शौक पालना महंगा सौदा साबित हो रहा है। स्थानीय निवासी प्रशांत कुमार और रामचंद ने बताया कि जो राजश्री और विमल गुटखा जो 20 रुपये में चार पाउच मिलता था, वह अब 20 रुपये में केवल तीन मिल रहा है। इसी तरह सितार और पानबाग जैसे ब्रांड्स में भी कटौती कर दी गई है। सिगरेट और बीड़ी की कीमतें भी बढ़ी हुई है। संतोष देवांगन और धनीराम के अनुसार बीड़ी 20 रुपये वाला बंडल अब 22 रुपये और 15 रुपये वाला बंडल 17 रुपये में मिल रहा है। सिगरेट गोल्ड फ्लेक 10 से बढ़कर 12 रुपये, जबकि लाइट बिग साइज सिगरेट 20 के बजाय 22 रुपये की हो गई है।

### जीएसटी बढ़ने की संभावना बन रही वजह

जनवरी 2026 की ताजा रिपोर्ट और व्यापारिक सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में इन मादक पदार्थों पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगता है। खबर है कि सरकार स्वास्थ्य संबंधी खर्चों की भरपाई और नशाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए बजट में भारी उत्पाद शुल्क लगाने जा रही है। अनुमान है कि तंबाकू उत्पाद 28 प्रतिशत तक महंगे हो सकते हैं। विशेष रूप से किंग साइज सिगरेट की एक स्टिक पर 5 से 6 रुपये तक की वृद्धि संभव है।

## अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 1020 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के कड़े निर्देशों के बाद जिले में जांच अभियान तेज कर दिया गया है। गुरुवार को बागबाहरा क्षेत्र में राजस्व और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 1020 कट्टा अवैध धान जब्त किया है। बागबाहरा एसडीएम नमिता मारकोले के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर इन वाहनों को पकड़ा। जांच टीम ने टुहलु क्षेत्र में दबिश दी, जहां एक वाहन को अवैध रूप से धान ले जाते हुए रोका गया। वाहन में 480 कट्टा धान भरा हुआ पाया गया। वाहन चालक के पास धान से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं थे। मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए धान समेत वाहन को टुहलू चौकी के सुपुर्द कर दिया गया है। यहां नियमित जांच के दौरान टीम ने एक अन्य संदिग्ध वाहन को रोका। जांच करने पर वाहन में 540 पैकेट (कट्टा) अवैध धान बरामद हुआ। इस मामले में भी मंडी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है और जब्त धान को मंडी समिति को सौंप दिया गया है।

# मैगनीज अयस्क में मिलावट, ट्रांसपोर्टर ने 6 ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विशाखापटनम से रायपुर परिवहन किए जा रहे मैगनीज अयस्क में मिलावट किए जाने की पुष्टि के बाद ट्रांसपोर्टर ने 6 ट्रक ड्राइवरों के विरूद्ध खल्लारी थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

खल्लारी थाने में विवेक अग्रवाल निवासी रायपुर ने दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया कि वह रायपुर में अपने भाई विशाल अग्रवाल के साथ जय जगदीश ट्रांसपोर्ट का संचालन करता है। उनकी कंपनी द्वारा हीरा पावर एंड स्टील्स लिमिटेड उरला रायपुर का ट्रांसपोर्ट का कार्य किया जाता है और वे उनके अधिकृत ट्रांसपोर्टर हैं साथ ही विशाखापट्टनम पोर्ट से आयातित मैंगनीज अयस्क (Mn 46%-48%) का सुरक्षित परिवहन कर रायपुर प्लांट तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 01/09/2025 को शाम 04 बजे 6 ट्रक वाहन क्रमांक – सीजी 06 एचडी 2725, वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 6487 ,वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 6480, वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 6485,वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 6494, वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 6493 विशाखापट्टनम पोर्ट से मैंगनीज अयस्क हीरा पॉवर एंड स्टील्स लिमिटेड उरला रायपुर के लिए लोड किया गया था। उक्त सभी वाहनें 04/09/2025 की शाम 06 बजे जब प्लांट पहुंचीं तो गुणवत्ता परीक्षण में यह पाया गया कि सामग्री पूरी तरह मिलावटी एवं प्रयोग के अयोग्य है। जिससे हीरा पॉवर एंड स्टील्स लिमिटेड प्लांट को करीबन 30 टन मैगनीज अयस्क करीबन 6 लाख रुपये का नुकसान होना पाया गया है।

इसके बाद 06/09/2025 को उन्हें हीरा पावर एंड स्टील्स लिमिटेड, रायपुर से एक शिकायत पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें उक्त वाहन द्वारा परिवहन के दौरान गुणवत्ता में मिलावट की पुष्टि हुई। उक्त शिकायत की जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने तत्काल वाहन स्वामी रॉयलटेक लॉजिस्टिक्स के साझेदार विवेक पांडे को सूचित किया और प्रकरण के बारे में बताया। विवेक पांडेय ने जांच पड़ताल करने के बाद बताया कि सभी संबंधित ड्राइवर को पहले से पता चल गया था कि कि उनके द्वारा की गई अफरातफ़री की ख़बर प्लांट के अधिकारियों को हो गई है, इसलिए सभी ड्राइवर किसी ना किसी बहाने से काम छोड़ कर जा चुके हैं और कुछ ड्राइवर बिना बताए ट्रक को छोड़ कर चले गए है ।

उसके बाद उन्होंने वाहनों में लगे जीपीएस के आधार पर जांच की और पाया कि विशाखापट्टनम से रायपुर आने के समय सभी वाहन दो स्थानों पर नेशनल ढाबा, ग्राम खलारी (थाना खल्लारी क्षेत्र में) और बांके बिहारी वे-ब्रिज, बेलसोंडा गांव में रूके, जहां रुककर यह ड्राइवरों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि मिलावट के उपरांत वजन में समानता रहे, ताकि मिलावट का संदेह ना हो । इसके बाद जीपीएस लोकेशन के द्वारा दर्शाए गए स्थान- नेशनल गैरेज ग्राम खल्लारी के पास का निरीक्षण प्रार्थी और विवेक पांडेय द्वारा किया गया, वहां उन्हें आयातित मैंगनीज अयस्क करीबन 25 से 30 मीट्रिक टन मिला और साथ ही मिलावट करने के अन्य पदार्थ (पत्थर, मिट्टी इत्यादि) भी मिले।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि हीरा पॉवर एंड स्टील्स लिमिटेड प्लांट से प्राप्त पत्र के अनुसार इन 6 ट्रक में कुल 211.10 एमटी मैंगनीज ओर लोड किया गया था, जिसमें अंदाजन 4 से 5 टन माल प्रति गाड़ी को बदल दिया गया। लगभग 30 टन माल को बदलकर उसमें पत्थर मिला दिया गया जिसकी अनुमानित कीमत 20000 प्रति टन के हिसाब से 6 लाख रुपए होती है। साथ ही कहा कि प्लांट के जानकारी दिए गए अनुसार जो माल प्लांट में पहुंचा है वह उनके किसी उपयोग का नहीं है जिससे उन्हें पूरे 211.10 एमटी मैगनीज अयस्क का नुकसान हुआ है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 3(5), 316(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## धान खरीदी को लेकर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय स्थित लोहिया चौक में धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष राकेश झाबक के नेतृत्व में पार्टी ने सरकार के सामने तीन प्रमुख मांगें रखीं। पार्टी की मुख्य मांग है कि धान खरीदी की समय सीमा 28 फरवरी तक बढ़ाई जाए। झाबक ने कहा कि सरकार किसानों के घर जाकर धान का भौतिक सत्यापन करना बंद करे, क्योंकि इससे किसानों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। आप कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जिले में हो रही गैस सिलेंडरों की चोरी

**महासमुंद।** पटेवा और भगतदेवरी में गैस सिलेंडर चोरी के मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट पर अज्ञात के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पहले मामले में पटेवा के सौरभ लोधी (28 ) ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर 2025 के 02-03 दिन पूर्व उसने 2 नग गैस सिलेण्डर रिफीलिंग करा घर के चैनल गेट के पास रखा था। चैनल गेट खुला था, 20 दिसंबर की दोपहर करीब 3 बजे देखा तो सिलेंडर नहीं था, रिपोर्ट पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम भगतदेवरी निवासी धर्मेंद्र कुमार ने सांकरा पुलिस को बताया कि 25 जनवरी की दोपहर वह घर में था, बरामदा में भारत कंपनी का एक भरा हुआ और एक खाली सिलेण्डर था , जिसे किसी ने पार कर दी। जब उसने सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो दोपहर करीब 2.30 से 3 बजे के मध्य एक व्यक्ति दोनों सिलेंडर को बारी-बारी से उठाकर ले जाते हुए दिखा। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# नशेड़ियों और लुटेरों से परेशान ग्रामीणों ने एसपी ऑफिस का किया घेराव, पुलिस चौकी की मांग

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से सटे ग्राम सोरिद और आसपास के इलाकों में बढ़ती आपराधिक गतिविधियां अब ग्रामीणों की परेशानी बनती जा रही है। बेटियों की सुरक्षा और इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्कूली छात्राएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर संत रविदास नयापारा के पास स्थाई पुलिस चौकी खोलने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि सोरिद से होकर नवाडीह, बनसिवनी और बंजारी जाने वाला मुख्य मार्ग बीते एक साल से अपराधियों का अड्डा बन गया है। शाम ढलते ही नयापारा के पास सागौन और बांस के प्लांटेशन में नशेड़ियों और उपद्रवियों का जमावड़ा लग जाता है। आए दिन राहगीरों के साथ लूटपाट, मारपीट और गाली-गलौज की घटनाएं हो रही हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्कूल जाने वाली बच्चियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, जिसके डर से कई बच्चियों ने स्कूल जाना तक छोड़ दिया है।

**पुलिस की कार्रवाई और ग्रामीणों की मांग :** ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को सूचना देने पर कुछ दिनों के लिए गश्त (पेट्रोलिंग) बढ़ा दी जाती है, जिससे अपराधी दुबक जाते हैं। लेकिन गश्त कम होते ही वे फिर सक्रिय हो जाते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि जब तक वहां स्थाई पुलिस चौकी नहीं बनेगी, तब तक अपराधियों के मन में खौफ पैदा नहीं होगा। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में तत्काल पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ ही नहीं देश की पुरातत्विक धरोहर है सिरपुर महोत्सव

# सिरपुर आस्था, कला और इतिहास का जीवंत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान में पर्व, मड़ई और मेलों की परंपरा सदियों से रची-बसी है। इन्हीं परंपराओं में सिरपुर महोत्सव का विशेष स्थान है, जो प्रतिवर्ष पवित्र महानदी के तट पर माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित किया जाता है। इस वर्ष तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 01 फरवरी 03 फरवरी 2026 तक भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है।

माघी पूर्णिमा की भोर में आस-पास के ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं द्वारा महानदी में पुण्य स्नान कर गंधेश्वर नाथ महादेव के अलौकिक दर्शन-पूजन के साथ महोत्सव की शुरुआत होती है। वहीं तीन दिनों तक महानदी सांध्य आरती किया जाता है। यह परंपरा सिरपुर की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करती है। हर वर्ष आयोजित होने वाला सिरपुर महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। इसमें देश-विदेश के कलाकार शास्त्रीय नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां देते हैं। सिरपुर महोत्सव में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवागमन की विशेष व्यवस्था की जा रही है। महोत्सव अवधि के दौरान रायपुर से कुहरी मोड़ तक तथा जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों से सिरपुर तक बसों का प्रबंध किया गया है। निर्धारित रूटों पर बसें नियमित अंतराल में संचालित होंगी, जिससे अधिक से अधिक लोग महोत्सव के सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पर्यटन गतिविधियों में सहभागी बन सकें।

सिरपुर को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय हेरिटेज स्थल के रूप में विकसित करने हेतु शासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने सिरपुर को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विजन 2047 के तहत आधुनिक बुनियादी ढांचा, सड़क, प्रकाश व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्यटक कॉरिडोर विकसित करने प्रतिबद्ध है। सिरपुर की पुरातात्त्विक संरचनाओं को संरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकें अपनाई जा रही हैं। यहां के मंदिर, विहार, मूर्तियां और जीवंत परंपराएं हमें यह सिखाती हैं कि भारत की संस्कृति, सहिष्णुता, कला और ज्ञान का संगम है। यहां ईको-ट्रेल, हस्तशिल्प बिक्री केंद्र और स्थानीय भोजनालय चलाई जा रही हैं।



छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में स्थित सिरपुर (श्रीपुर) केवल एक पुरातात्त्विक स्थल ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों का जीवंत प्रतीक है। यह नगर दक्षिण कोसल के पांडुवश के सबसे महान सम्राट महाशिवगुप्त बालार्जुन की राजधानी रहा है और अपनी स्थापत्य कला, बौद्ध धरोहरों तथा प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है।


सिरपुर का उल्लेख प्राचीन भारतीय ग्रंथों और अभिलेखों में मिलता है। यहां भगवान शिव, विष्णु, बुद्ध और जैन धर्म के उपासना स्थलों के अवशेष मिले हैं। 7वीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी सिरपुर का उल्लेख अपनी यात्राओं में किया है यह नगर धार्मिक सहिष्णुता और कला का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। यहाँ 22 शिव मंदिर, 5 विष्णु मंदिर, 3 जैन विहार और एक विशाल बौद्ध विहार के अवशेष प्राप्त हुए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा सिरपुर में लगातार संरक्षण और मरम्मत का कार्य किया जा रहा है जिससे इसकी ऐतिहासिक गरिमा बनी रहे। डिजिटल टूर, क्यूआर कोड आधारित जानकारी और थ्रीडी गाइडेंस सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जाएगा। सिरपुर बौद्ध, जैन और हिंदू स्थापत्य कला का त्रिवेणी संगम है। यहां स्थित लक्ष्मण मंदिर भारत का पहला ईंटों से निर्मित मंदिर है जो वास्तुकला का अनुपम उदाहरण है। आनंद प्रभु कुटीर विहार बौद्ध भिक्षुओं का प्रमुख केंद्र है, जहां चीन से आए भिक्षु रह चुके हैं। गंधेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित मंदिर है, जिसमें अनेक मूर्तियां और सांस्कृतिक प्रतीक हैं। 1872 में अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा सिरपुर के अवशेषों की खोज की गई थी। इसके बाद यहां अनेक उत्खनन कार्य हुए, जिनमें बुद्ध, विष्णु, शिव और जैन परंपराओं के असंख्य साक्ष्य मिले। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया के विद्वान भी सिरपुर को एशिया की बौद्ध धरोहरों में महत्वपूर्ण स्थान मानते हैं।

# तेंदूकोना धान खरीदी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई

## भौतिक सत्यापन में उजागर हुई गड़बड़ी

**महासमुंद।** खरीदी केंद्र में भौतिक सत्यापन के बाद धान की मात्रा कम पाए जाने के मामले में तेंदूकोना के धान खरीदी प्रभारी के विरूद्ध जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा तेंदूकोना के शाखा प्रबंधक ने एफआईआर दर्ज कराया है। तेंदूकोना थाने में मामले को लेकर दिए गए आवेदन में शाखा प्रबंधक श्रवण सिंह ठाकुर ने पुलिस को बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित तेंदूकोना पंजीयन क्रमांक 1127 के धान उपार्जन केंद्र तेंदूकोना में धान के स्टॉक का 26 जनवरी को नायब तहसीलदार बागबाहरा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। नायब तहसीलदार द्वारा जांच प्रतिवेदन व पंचनामा में उपार्जन केंद्र तेंदूकोना की ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार 1,44,794 कट्टा/बोरा धान मौके पर उपलब्ध होना प्रदर्शित हो रहा था, जबकि भौतिक सत्यापन पर 1,42,645 कट्टा/बोरा मौके पर धान खरीदी केंद्र के फड़ पर पाया गया, जो ऑनलाइन रिकार्ड और भौतिक सत्यापन में 2149 कट्टा / बोरा कम होना पाया गया। जिसका समर्थन मूल्य पर 3100 रू की दर से कुल 26,64,760 रू की राशि होती है। इस आधार पर धान खरीदी प्रभारी जोइधा राम साहू के द्वारा वित्तीय अनियमितता कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गयी है। नायब तहसीलदार बागबाहरा जिला महासमुंद के अनुसार नियमानुसार धान उपार्जन केंद्र तेंदूकोना में 1,44,794 कट्टा / बोरा (क्विं में 57,917.60) खरीदी किया गया था। खरीदी प्रभारी जोइधा राम साहू एवं अन्य सहकर्मी की उपस्थिति में धान फड़ के प्रत्येक स्टेक की गिनती की गयी। स्टेक की गिनती करने पर कुल 1,42,645 कट्टा/बोरा मौके पर पाया गया। धान उपार्जन केंद्र तेंदूकोना में 2149 कट्टा / बोरा (859.60 क्विं) धान कम पाया गया। मामले की रिपोर्ट पर धारा 316(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप



### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि आज

**महासमुंद।** आज महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा भारत देश के इतिहास में कुछ नाम ऐसे दर्ज हैं जो सिर्फ किताबों तक नहीं रहे, बल्कि लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। महात्मा गांधी एक ऐसा ही नाम हैं। उनके विचार, आदर्श और आचरण का अनुसरण दुनिया के कई देशों के लोग करते हैं।

### साहित्यकार कमलेश पांडेय को श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** साहित्य समिति आस्था ने साहित्यकार कमलेश पांडेय के निधन पर गहरा शोक प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के सदस्यों ने उनके सरल स्वभाव, विनम्रता एवं साहित्यिक जुड़ाव का स्मरण कर मौन प्रार्थना की। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में आनंद तिवारी पौराणिक, एस. चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, सरिता तिवारी, सुरेंद्र अग्निहोत्री, के.आर. चंद्राकर, टेकराम सेन, सुजाता विश्वनाथन व एस.आर. बंजारे उपस्थित थे।

### कमलेश पांडेय का निधन

**महासमुंद।** केंद्रीय विद्यालय के सामने निवासरत, डाइट के व्याख्याता व साहित्यकार कमलेश पांडेय (61 वर्ष) का निधन गत 25 जनवरी को हो गया। वे पिछले कुछ माह से अस्वस्थ थे। उनका उपचार रायपुर में चल रहा था। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजनों व गणमान्यों ने अपनी उपस्थिति देकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वे मंजू पांडेय के पति, श्वेता व शुभम के पिता व मनोज तिवारी के ससुर थे।

कार्यक्रम : स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन अंतर्गत जनसंवाद का आयोजन

# विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जिला मितानिन भवन का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन के अंतर्गत टाउन हॉल, महासमुंद में 22 जनवरी को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल, पार्षद राजू चंद्राकर, संदीप घोष एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। अतिथियों का स्वागत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जिला मितानिन भवन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जिला मितानिन भवन को जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि मितानिन बहनें ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे सशक्त और भरोसेमंद कड़ी हैं। वे घर-घर जाकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, स्वच्छता, परिवार नियोजन तथा विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देकर आमजन को जागरूक करती हैं।

उन्होंने कहा कि मितानिन बहनों का कार्य केवल सेवाभाव तक सीमित नहीं है, बल्कि वे




समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का महत्वपूर्ण दायित्व निभा रही हैं। कठिन परिस्थितियों में भी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए वे शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। विधायक सिन्हा ने कहा कि मितानिन बहनों के योगदान को सम्मान और सशक्तिकरण देना पूरे समाज का दायित्व है।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध समाज की नींव है। शासन की स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जनसंवाद जैसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने मितानिन बहनों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, जो घर-घर तक जागरूकता का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की मितानिन बहनों का सम्मान किया गया तथा यह भी घोषणा की गई कि 23 नवंबर को प्रतिवर्ष मितानिन दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

जनसंवाद में स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ डॉ. विकास चंद्राकर ने क्षेत्र की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बीपीएम सुरेंद्र, मुकुंद एवं डॉ. गिरीश भी उपस्थित रहे और विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किलकारी योजना, मानसिक स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही हितग्राहियों को आवश्यक सूचना सामग्री का वितरण भी किया गया। वक्ताओं ने महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर जोर दिया। सखी वन स्टॉप सेंटर से संबंधित जानकारी अधिवक्ता दुर्गा ज्योति राव द्वारा दी गई। उन्होंने महिलाओं को कानूनी सहायता, परामर्श एवं संरक्षण से जुड़ी सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही उपभोक्ता फोरम की जानकारी साझा कर नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बिहान समूह की योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई, जिससे स्व-सहायता समूहों की भूमिका को सुदृढ़ किया जा सके।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, जिससे उनके मनोबल में वृद्धि हुई। इस अवसर पर जिला समन्वयक जागृति बरेठा, एसपीएस हेमवती यादव, ममता यादव, एमटी रानी शर्मा, चमेली निर्मलकर, छत्ररानी ध्रुव, समस्त मितानिन बहनें, वीएचसी सदस्य एवं बिहान समूह के सदस्य उपस्थित रहे। सम्मेलन में लगभग 450 महिलाएं शामिल हुए।

## मड़ई मेला उत्सव में शामिल हुए खल्लारी विधायक



**बागबाहरा।** ग्राम पतेरापाली व धौराभाठा में मड़ई मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पतेरापाली में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अध्यक्षता सरपंच पदमनी बांधे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार व जनपद सदस्य बलराम ध्रुव मौजूद थे। मुख्य अतिथि विधायक यादव ने पूजा अर्चना बाद ग्रामवासियों को मंडई मेला की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मड़ई मेला उत्सव कार्यक्रम हमारी संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण मंच है। मड़ई मेला में हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसका आनंद लेने का अवसर प्राप्त करते हैं। मड़ई मेले में अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों को बनाए रखने में मदद मिलती है। अपने समाज के साथ जुड़ने का अवसर मिलता है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में मदद मिलती है और हमारे समाज को एकजुट करने में मदद मिलती है। पतेरापाली में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से घासीराम निषाद, हेमलाल पटेल, रूपलाल पटेल, तेजराम, ईश्वरी बांधे, तामेश्वर निषाद, हीराम राम पटेल, विनोद सेन, केवल यादव, ईश्वर निषाद, भगवान सिंह नायक, राहुल यादव, सेतराम पटेल, ललित निषाद, राजा खान तथा धौराभाठा में आयोजित कार्यक्रम में थानसिंह दीवान, सुशीला अलख राम साहू, जामीन बाई ठाकुर, कुमारी धरम दीवान, मोती चंद्राकर, अरूण चंद्राकर, सेवा राम साहू, मिलन विश्वकर्मा, पुरूषोत्तम यादव, शोभाराम दीवान, अमृत सिंग ठाकुर, चैनसिंह ध्रुव, मन्नूलाल दीवान, जामबाई ध्रुव, संतोष दीवान, पतिराम दीवान, अंजोर सिंग निषाद, तुलसीराम दीवान, तीजलाल दीवान, चुनूराम निषाद, श्रीराम दीवान, लक्ष्मीचंद यादव, नंदकुमार यादव, नुकसिंह दीवान, राजकुमार ध्रुव, भोला साहू, अलखराम साहू, अर्जुन ठाकुर, विक्रम ठाकुर, खिलावन दीवान, कृष्ण कुमार साहू आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने सिरपुर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मंत्रालय महानदी भवन में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के नेतृत्व में कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जिले के ऐतिहासिक महत्व के स्थल सिरपुर में 1 से 3 फरवरी के मध्य आयोजित होने वाले सिरपुर महोत्सव में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सिरपुर महोत्सव छत्तीसगढ़ की प्राचीन सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत को संरक्षित करने और उसे जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से



प्रतिवर्ष भव्य एवं गरिमामय स्वरूप में आयोजित किया जाता है। यह आयोजन न केवल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करता है, बल्कि उसे राष्ट्रीय फलक पर स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने सिरपुर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पर्यटन को प्रोत्साहन मिलता है तथा स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार और आजीविका के नए अवसर सृजित होते हैं। उन्होंने सिरपुर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धम्मशील गणवीर तथा धर्मेंद्र महोबिया उपस्थित थे।

## विवेकानंद संस्थान द्वारा आयोजित किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में विवेकानंद सेवा संस्थान द्वारा गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच एवं भाजपा की जिला मंत्री (पिछड़ा वर्ग मोर्चा ) भामिनी पोखन चंद्राकर सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान द्वारा जनजागरण तथा विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जगाना, वृक्षारोपण पर प्रकाश डालना, बुजुर्गों क़ो सम्मान तथा वृक्षारोपण हेतु सहयोग किये गए लोगो क़ो सम्मानित करके उनको प्रोत्साहित करना रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भामिनी पोखन चंद्राकर ने बच्चों क़ो आगामी वार्षिक परीक्षा हेतु तैयारी करना, नवयुवकों क़ो वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करना तथा बुजुर्गों क़ो अपनी उम्र के हिसाब से खानपान पर ध्यान देने के लिए बताया।



चंद्राकर ने बताया कि उसने पिछले पांच वर्षों में गांव क़ो स्वच्छ तथा जनता जनार्दन क़ो स्वस्थ रखने की दिशा में खूब ध्यान दिया जिसका परिणाम यह है कि पिछले कार्यकाल क़ो हरित कार्यकाल के नाम से भी जाना जाता है तथा इस कार्य के लिए उन्होंने विवेकानंद सेवा संस्थान क़ो प्रेरणास्त्रोत बताते हुए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जनता जनार्दन क़ो हर खुशी के मौके पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। चंद्राकर ने लोगों क़ो मनरेगा के बदले वीबी जीरामजी बोलने की जानकारी देते हुए केंद्र सरकार की इस मिशन क़ो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के बारे में बताते हुए इसे ग्रामीणों के लिए 125 दिन की रोजगार आजीविका की गारंटी बताया। इस कार्यक्रम में चंद्राकर के साथ उनके कार्यकाल के सक्रिय पंच प्रकाश साहू तथा त्रिवेणी चंद्राकर उपस्थित रही। चंद्राकर ने संस्थान के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, कोषाध्यक्ष उदेराम साहू, उपाध्यक्ष यज्ञ देवांगन तथा संयोजक गिरधारी लाल धीवर, तेजराम धीवर, गणेश्वर साहू, प्रेम साहू, सनत धीवर, प्रकाश चंद्राकर के साथ-साथ सभी सदस्यों क़ो पूरे जोरशोर के साथ वृक्षारोपण कार्य क़ो एक मिशन का रूप देने के लिए बताया तथा इस कार्य में आर्थिक रूप से सहयोग किये गए महानुभावों क़ो प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया।

## नेहरू स्मृति विद्यालय में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में नेहरू स्मृति विद्यालय में एक दिवसीय वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया। मुख्यातिथि जनपत पंचायत सदस्य विष्णु साहू, युवा प्रतिनिधि सौरभ चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि हाई स्कूल प्राचार्य करण सिंग सोरी, संकुल समन्वयक निर्वाहण दास मानिकपुरी, जगदीश चंद्राकर, दामोदर चंद्राकर, रमन चंद्राकर, देवनाथ साहू, हेमराज चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा स्थानीय संस्कृति व अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों ने देश भक्ति के महत्व को बताया। नृत्य, गायन के अलावा अपनी कला बिखेरी। नर्सरी के बच्चों का पहला सामूहिक डांस अनेक टोली में कार्यक्रम प्रस्तुत किया। फिर जूनियर छात्र छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बंटोरी। अलग अलग क्लास के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य, गीत, नाटक आदि की प्रस्तुतियां दीं। छत्तीसगढही



वेशभूषा में बच्चों ने थिरकते हुए बस्तरिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके बाद स्वच्छ भारत व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, नई शिक्षा नीति के विषय पर किए गए नाटकों का सराहना की गई। इस दौरान स्कूल में भाषण सुनकर दर्शकों ने तालियां बजाईं। बच्चों को पुरस्कार वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कठिन मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर अतिथियों को स्कूल के प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने स्मृति चिन्ह व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में रमा यादव, भारती, तेजेश्वरी यादव, नीरा निषाद, गोदावरी, रघुराज निषाद ख़ेमिन साहू, यामिनी चंद्राकर, जागृति यदु, पुष्पलता यादव, चंद्रिका बघेल, हीना निषाद, द्रोपदी मन्नाडे शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संतोष निषाद ने किया।

## सामुदायिक सहभागिता के तहत बृजराज स्कूल का सम्मान

**महासमुंद।** विकासखंड स्त्रोत केंद्र, समग्र शिक्षा महासमुंद द्वारा आयोजित सामुदायिक सहभागिता योजनातर्गत कार्यक्रमं में शामिल विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जनपद पंचायत अध्यक्षा दिशा रामस्वरूप दीवान, उपाध्यक्ष हुलसी जितेन्द्र चंद्राकर, महासमुंद नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, शिक्षा विभाग से विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा, समग्र शिक्षा से रेखराज शर्मा के समक्ष हमारी संस्था पीएम बृजराज महासमुंद को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सम्मान समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया। विद्यालय परिवार की ओर से इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सम्मान समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया। विद्यालय परिवार की ओर से इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सम्मान समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी शिक्षा के

## गणतंत्र दिवस पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने सितली नाला का किया भ्रमण, अभियान हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की

**महासमुंद।** स्वाध्याय केंद्र समिति महासमुंद द्वारा संचालित अविरल सितली निर्मल सितली अभियान अपनी सुचारू गति से निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य रूप से सम्मिलित हुईं। सांसद ने सितली नाला के संपूर्ण क्षेत्र का गहन भ्रमण कर समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। कायाकल्प के पश्चात नाला क्षेत्र में आने वाली सुंदरता और वहां व्याप्त स्वच्छता की सांसद ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की और इसे भविष्य में इसे जनभागीदारी



का एक अनुपम उदाहरण होना बताया। उन्होंने इस पुनीत अभियान के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए देने की महत्वपूर्ण घोषणा की।

इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा और भविष्य की कार्ययोजना को साझा किया। उन्होंने बताया कि सितली क्षेत्र को एक दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने के लिए पैदल पार पथ (पेडेस्ट्रियन पाथवे), फुट ओवर ब्रिज, आकर्षक गार्डन लाइटिंग और पौधारोपण के साथ सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यहां भव्य भारत माता की मूर्ति प्रतीक के तौर पर स्थापित करने की भी योजना है, जो क्षेत्र को एक नई पहचान प्रदान करेगी। प्रोजेक्ट की तकनीकी बारीकियों और आगामी चरणों के बारे में सेवानिवृत्त इंजीनियर बी.आर. साहू ने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड़, महेश चंद्राकर, आरएस माली, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद महेंद्र जैन, पार्षद प्रतिनिधि मनीष शर्मा, खैरा सरपंच प्रांशु चंद्राकर, सचिव मोहन साहू, पवन साहू, भरत खत्री, उत्तरा प्रहरे, सुनीता साहू, लक्ष्मीकांत यदु, जितेंद्र साहू, सुरेंद्र ठेठवार, रामेश्वर साहू, प्रिंस पींचा, आनंद साहू, गौरव चंद्राकर सहित प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## बिरकोनी इलेवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता में अछोला प्रथम व द्वितीय सोरमसिंघी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में चण्डी गेट के सामने इलेवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता 26 जनवरी सोमवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमर अरुण चंद्राकर, सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर, जनपद सदस्य विष्णु साहू, उपसरपंच गिरीश चंद्राकर मौजूद थे। सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट सद्भावना का खेल है। इस खेल के माध्यम से संघर्ष करने की क्षमता बढ़ती है।

सात दिवसीय इलेवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता में आसपास ग्राम व अन्य जिले के 32 टीम ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच का मुकाबला 5 ओवर से खेला गया। जिसमें टीम अछोला ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया और 4 ओवर में 55 रन बना कर सक्रिय सोरमसिंघी को 6 विकेट से जीत हासिल किया। इस दौरान प्रथम आने वाली टीम को 26026 रुपये व कप, द्वितीय सक्रिय सोरमसिंघी की टीम को 14026 रुपये व कप, तृतीय पचपेड़ी को 7026 रुपये कप, चतुर्थ स्थान पुलिस लाइन परसदा को 5026 रुपये व कप प्रदान कर शुभकामनाएं दी। मैन ऑफ द मैच नीरज अछोला, मैन ऑफ द सीरीज छोटू हेमराज पचपेड़ी, बेस्ट बैट्समैन बाबूलाल परसदा, बेस्ट बॉलर आदि, बेस्ट कीपर देवेंद्र, बेस्ट फील्डर शंकर को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर बिरकोनी इलेवन किक्रेट क्लब ताम्रध्वज निषाद, गोविंद साहू, छगन निषाद, डीजे मांडले, नोहर, सूरज, लोकनाथ, हिरावन, जीवन, विष्णु साहू, अनुज, नोहर, राजेश, देवेंद्र, मोहन, पीतांबर, लक्की, संतोष, हरिशंकर, तरुण साहू, चंद्रहास, अंकित, देवेश, छगन, किशोर, लोकेश, मुकेश, भीम साहू, तुकेश, लीलाधर साहू उपस्थित थे। मैदान में खिलाड़ियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था थी। मैच का संचालन गोविंद साहू ने किया।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में मॉडल प्रतियोगिता सहित विविध गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पॉलीटेक्निक कॉलेज बरोंडा बाजार में रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के उत्प्रेरण एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राजेश डोरिया, सह-प्राध्यापक, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, एनआईटी रायपुर तथा संस्था के प्राचार्य इंजीनियर चंद्रिका विश्वकर्मा द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राजेश डोरिया ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स पर अपने व्याख्यान दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के समक्ष विज्ञान के वरदान एवं अभिशाप को लेकर विचारोत्तेजक प्रश्न रखा। उन्होंने कहा कि विज्ञान मानव जीवन के लिए एक वरदान है, किंतु यदि इसका दुरुपयोग किया जाए तो यही विज्ञान अभिशाप भी बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विज्ञान का उपयोग मानव कल्याण, समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए करें तथा नवाचार, अनुसंधान एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाएं।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य इंजीनियर चंद्रिका विश्वकर्मा ने भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने आज के आधुनिक युग में रोबोटिक्स के अविष्कार एवं उपयोग के बारे में छात्रो को अवगत कराया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मॉडल प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, क्विज कंपीटिशन, तथा रंगोली प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः दुर्गेश साहू, डिगेश साहू, हिमांशी टंडन (आशीबाई बाई गोलछा स्कूल महासमुंद), रंगोली प्रतियोगिता में तोषकुमारी दीवान (पॉलीटेक्निक महासमुंद), जागृति साहू (हाई स्कूल लाफिनखुर्द), सौम्या निषाद (पॉलीटेक्निक महासमुंद) तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता गीतांजलि दीवान, मधु निषाद (आशीबाई गोलछा स्कूल), हीना यादव (हाई स्कूल बम्हनी) एवं क्विज कंपीटिशन में साहिल कोसरिया, मौसम चंद्राकर, चांदनी साहू (हाई स्कूल लाफिनखुर्द) ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आशीष कुलदीप कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना महासमुंद द्वारा मेडल, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की सफलता में डॉ शोभा मालीवाल विभागाध्यक्ष, डॉ. लक्ष्मीकांत कराल, सालिक राम ढीमर, हेमंत महोबिया, हेमंत वर्मा, शारदाचरण गुप्ता, वैभव वर्मा, डॉ. नंदिता गुप्ता, मनीषा, नीलकमल साहू, उमाशंकर यादव, आनंद साहू, उमेश वर्मा सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. वीनू चंद्राकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।




## खबर संक्षेप



### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का कृष्णा ने किया स्वागत

**महासमुंद।** जिले के बसना सराईपाली के कार्यक्रमों में सम्मिलित होने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल का ग्राम झलप में पूर्व पालिकाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्णा चंद्राकर ने समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया। संक्षिप्त चर्चा के दौरान बघेल ने महासमुंद विधानसभा में कांग्रेस की वर्तमान स्थिति, किसानों के धान विक्रय पर परेशानियों के बारे में चंद्राकर से जानकारी ली। बघेल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि राज्य सरकार की प्रत्येक शोषक नीतियों के खिलाफ कांग्रेस की रीति नीतियों में चलकर संघर्ष के स्वरों को सभी को बुलंद करना है। इस संघर्ष में आप सभी युवाओं का नेतृत्व होगा। इस संघर्ष के रथ का सारथी कृष्णा होगा।

### गौरव विद्या मंदिर में हुआ पालक सम्मेलन

**सरायपाली।** शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर में पालक सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोभा साव (पैकिन) अध्यक्षता चंपा पटेल (केंदुबुड़ी) विशिष्ट अतिथि नमिता महाकुड़ (अमरकोट) कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल के द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन का वाचन किया गया। विद्यालय विकास संबंधित पालकों से संवाद किया। इस बीच पालकों द्वारा विद्यालय हित में अनेक सुझाव दिए गए, जिसे विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा द्वारा उक्त सुझावों को लागू करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान बच्चों का सर्वांगीण विकास पालक बालक के सहयोग से ही संभव है माताओं के मनोरंजन के लिए कुर्सी दौड़ खेल का आयोजन किया गया था। जिसमें माता ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए। इस खेल में प्रथम स्थान पर हरदीप कौर सलूजा, द्वितीय स्थान सुषमा नंद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक प्रफुल्ल बारिक द्वारा किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी वरिष्ठ शिक्षिका सरवरी निशा एवं माधुरी पटेल द्वारा दिया गया।



### स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में किया गया ध्वजारोहण

**सरायपाली।** गणतंत्र दिवस की पावन पर्व पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में ध्वजारोहण किया गया। सरपंच, उपसरपंच सरोज सेठ द्वारा गणमान्य नागरिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मचारी देवेंद्र साहू, भेषज साहू, बी.आर. सोनवानी, डोलामणि भोई, यशपाल पटेल, जानकी बरिहा, पूजा नाग, सुमेन्द्र बुड़ेक, रोहित चौहान, उदय साहू, धरमसिंह, चतुर्भुज अग्रवाल, चितरंजन स्वांई, जितेंद्र दास, धनेश्वरी पटेल एवं मंच का संचालन डोलामणि भोई सुपरवाइजर बलौदा द्वारा किया गया।

### निधन

#### योगेश कुमार सबर



**खल्लारी।** वार्ड 13 निवासी व पूर्व पंच योगेश कुमार सबर (29) का बुधवार 28 जनवरी की रात सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में गुरुवार 29 जनवरी को किया गया।

## विज्ञान : वैज्ञानिकीय गतिविधियों के अंतर्गत मॉडल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# कबाड़ से जुगाड़ कर कॉलेज विद्यार्थियों ने बनाए मॉडल, मनीषा टंडन रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में विज्ञान संकाय द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सी कॉस्ट) रायपुर छग प्रायोजक रहा। वैज्ञानिकीय गतिविधियो पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य करुणा दुबे एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ रीता पांडेय के मार्गदर्शन व डॉ ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है।

27 जनवरी 2026 को वैज्ञानिकीय गतिविधियों विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ रीता पांडेय एवं निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों द्वारा बनाए मॉडल जिसमें आवर्त सारणी, हाइड्रोलॉजिकल साइकिल, वॉक्यूम क्लीनर, बायोडायवर्सिटी विषयों पर कबाड़ से जुगाड करके प्रतिभागियों द्वारा मॉडल बनाया गया जिसका निरीक्षण किया गया। उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक प्रियंका सोनवानी विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र, डॉ. प्रिया बारीक अतिथि व्याख्याता भौतिकशास्त्र, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी, रोहिणी देवांगन, रूपावती अतिथि व्याख्याता गणित रहे। प्रभारी प्राचार्य डॉ रीता पांडेय ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थी ने कबाड़ से जुगाड़ करके मॉडल प्रस्तुत किया वह सराहनीय है, इससे हमारे जो कबाड़ का सामान रहता है वो भी दैनिक उपयोग में ला सकते है।

कार्यक्रम संयोजक डॉ ईपी चेलक ने बताया कि यह वैज्ञानिकीय गतिविधि कार्यक्रम अलग-अलग दिवस में 3 दिन आयोजित किया गया। जिसमें आज अंतिम दिवस कबाड़ से जुगाड़ मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुआ। इस प्रकार की गतिविधि विद्यार्थियों के सोच में एक प्रकार से साइंटिफिक ज्ञान को बढ़ावा देता है। इस मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीषा टंडन बीएससी द्वितीय सेमेस्टर मैथ्स जिनका मॉडल वॉक्यूम क्लीनर रहा, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से खिलेंद्र निषाद एमएससी 2 सेम वनस्पतिशास्त्र जिनका मॉडल जल चक्र रहा एवं मनीष भोई एमएससी 2 सेम रसायनशास्त्र जिनका मॉडल आवर्त सारणी रहा, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से हर्षिता साहू, ज्योति साहू, माधवी ध्रुव एमएससी वनस्पतिशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर जिनका मॉडल जैव विविधता रही।

सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय से मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र, सरस्वती सेठ विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र, डॉ जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र, डॉ जागृति चंद्राकर अतिथि व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र, नम्रता तंबोली अतिथि व्याख्याता रसायनशास्त्र, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र, किरण साहू जनभागीदारी व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र, मुकेश कुमार ढीढी जनभागीदारी व्याख्याता प्राणीशास्त्र, प्रयोगशाला तकनीशियन तेजस्वनी साहू, प्रयोगशाला परिचारक पूर्णिमा साहू, मनीष साहू सहित अधिक संख्या में विज्ञान संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रेडक्रॉस भवन महासमुंद में हुआ ध्वजारोहण

**महासमुंद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा महासमुंद के रेडक्रॉस भवन में गरिमामय वातावरण में झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरी गोस्वामी, प्रबंध समिति के सदस्यों एवं वार्ड पार्षद शुभ्रा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया।



इस अवसर पर रेडक्रॉस के पूर्व सभापति दाऊलाल चंद्राकर, सदस्य एवं पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, सदस्य एच.आर. बघेल, राजेश्वर खरे, सहायक प्राध्यापक डॉ. स्वेतलाना नागल, कार्यालय कंप्यूटर ऑपरेटर तेजलाल देवांगन, कार्यालय सहायक द्वारिका प्रसाद सिन्हा यूथ रेडक्रॉस के वालंटियर्स ज्योति साहू, निधि मिश्रा, लीकृति साहू, डिगेश्वरी साहू प्राथमिक सहायता प्रशिक्षित देविका देवांगन, तोरन देवांगन, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद शुभ्रा शर्मा ने भारतीय संविधान के मूल्यों, लोकतंत्र की मजबूती तथा राष्ट्रीय एकता व अखंडता के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरी गोस्वामी, ने इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की गरिमा को रेखांकित करते हुए मानव सेवा, कर्तव्यनिष्ठा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के भाव को अपनाने का आह्वान किया गया।पूर्व सभापति दाऊलाल चंद्राकर, ने कहा की रेडक्रॉस की सेवा भावना को संविधान की आत्मा से जोड़ते हुए संगठन द्वारा निरंतर मानव कल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। इन प्रयासों में उपाध्यक्ष अभिवक्ता भूपेंद्र राठौर, सभापति संदीप दीवान, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा, संरक्षक सदस्य महेंद्र कुमार श्रीश्रीमाल एवं मनोज पींचा का विशेष योगदान रहा है। साथ ही पूर्व सभापति सदस्य अनिता रावटे तथा सदस्यगण डॉ. एम. वॉय मेमन, माधवराव टांकसाले, अरुणा शुक्ला, ऐतराम साहू, संजय शर्मा, सती साहू, प्रमोद तिवारी, प्रेम चंद्राकर, अरशी अनवर, अभिषेक पांडेय, आकाश पांडेय, सुनील शर्मा, यशवंत चौधरी, हीरा बंजारे, विश्वनाथ पाणिग्रही एवं धर्मेंद्र महोबिया द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा एवं मानवता की सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

## पीएम सेजेस तुमगांव में वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन

**महासमुंद।** पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, तुमगांव में वार्षिक समारोह का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के छात्रों ने मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें विभिन्न राज्यों की लोक नृत्य, देशभक्ति नृत्य, गीत-संगीत तथा प्रेरणादायी नाटकों ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह की शुरुआत छात्रों द्वारा स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद विभिन्न राज्यों की संस्कृति को दर्शाते नृत्य प्रस्तुत किए गए।

छात्रों ने पंजाब की भांगड़ा, गुजरात की गरबा, राजस्थान की घूमर, महाराष्ट्र की लावणी तथा छत्तीसगढ़ की राउत नाचा जैसी प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा देशभक्ति थीम पर आधारित नृत्य और गीतों ने सभी को गर्व से भर दिया। प्रेरणादायी नाटकों के माध्यम से छात्रों ने सामाजिक मुद्दों, पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाते हैं। विशेष रूप से उपस्थित नगर पंचायत उपाध्यक्ष सावित्रीबाई निर्मलकर ने स्कूल की प्रगति पर प्रसन्नता जताई और भविष्य में और बेहतर सुविधाओं का आश्वासन दिया। इसके अलावा वार्ड-12 के पार्षद रोहित साहू, वार्ड-3 की थानू गौरी साहू, वार्ड-9 के भुनेश्वर साहू, वार्ड-6 के राकेश धीवर तथा वार्ड-8 के शुभम टंडन ने भी समारोह में शिरकत की और छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे ने अपने संबोधन में कहा, ₹हमारा स्कूल पीएम योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। आज के कार्यक्रम से स्पष्ट है कि हमारे छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय भावना से भी समृद्ध हैं। वरिष्ठ व्याख्याता कुरिल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में एल.कुरील, आई.एल. साहू, के.आर. साहू, सत्यदेव गेंद्रे, अश्विनी धीवर, रेवती रमन तारक, तिलक शर्मा, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरें, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, लोकेश साहू, डोलेश होता, लक्ष्मी नारायण साहू मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, एवं प्रियंका बारिहा, मोनिका यादव, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, प्रगति साह सहित स्कूल के शिक्षक-कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बिहान की महिलाएं कुशल गृहिणी से सफल उद्यमी बनने की ओर

**महासमुंद।** जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नई पहल सामने आ रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में संचालित मिशन 150 नवाचार के अंतर्गत बिहान समूह से जुड़ी महिलाएं अब कुशल गृहिणी होने के साथ आत्मनिर्भर और सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना रही हैं। गत 23 जनवरी 2026 को इस अभिनव पहल का दूसरा चरण सफलतापूर्वक हुआ। उल्लेखनीय है कि इस नवाचार की शुरुआत 02 जनवरी 2026 को की गई थी। योजना के प्रत्येक चरण में जिले के सभी विकासखंडों में बिहान समूह की दीदियों द्वारा प्रति ब्लॉक 6 दुकानों/उद्यमों का शुभारंभ किया जा रहा है। अब तक जिले में 70 दुकानों एवं उद्यमों की स्थापना की जा चुकी है, जिनमें ढाबा, फैंसी स्टोर, किराना दुकान, फैशन जोन, हाईवे चाय दुकान, होटल एवं पोल्ट्री फार्म जैसे विविध व्यवसाय शामिल हैं। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान भी दिला रही है। मिशन 150 नवाचार के आगामी चरणों में जिले की महिलाओं को उत्पादन, सेवा एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमी के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। आज महासमुंद जिले की महिलाएं एक नई सोच, नई ऊर्जा और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ रही हैं तथा समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं।

### लाफिन कला में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम लाफिन कला में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न चौक चौराहों में झंडोत्तोलन किया गया। ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, गांधी चौक, बजरंग चौक, शांति चौक, प्राथमिक शाला भवन में राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराया। प्रभात फेरी व झंडोत्तोलन पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। सरपंच राधेश्याम साहू के मुख्य आतिथ्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने देश भक्ति, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों से समां बंधा। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक खेमराज ध्रुव, शिक्षिका खुमलता साहू, उपसरपंच भुपेंद्र साहू, पंचगण डुमन लाल साहू, मोहित साहू, कुश पटेल, सविता साहू, चुनेश्वरी साहू, गुंजा साहू, सचिव माधुरी सुर्यवंशी, बाल समाज लीला मंडली के बुजुर्ग सुकदेव साहू, हरिराम साहू, रामजी साहू, रामकुमार साहू, केतन साहू, गिरीश साहू, कमलेश साहू, नीरज साहू, पूनमचंद साहू, पुरुषोत्तम साहू, धर्मेंद्र साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### गुड शेफर्ड स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शंकर पांडेय लायंस क्लब अध्यक्ष द्वारा प्रातः ध्वजारोहण के साथ हुआ तथा सभी ने राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर शाला नायक विवेक पटेल एवं शाला नायिका इशरत बानो ने भाषण दिया। कक्षा पहली की गुंजन प्रधान ने जोश पूर्ण देशभक्ति से ओतप्रोत कविता पाठ किया। अफरोज बेगम के निर्देशन में कक्षा दूसरी के छात्रों ने देशभक्ति गीत, पीटी सेक्शन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक देशभक्ति नृत्य मनीषा के निर्देशन में प्रस्तुत कर सारा वातावरण देश भक्तिमय बना दिया एवं कक्षा छठवीं की छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई की गौरवशाली गाथा नृत्य नाटिका के रूप में प्रस्तुत कर भावविह्वल कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से देश के संविधान, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को संदेश दिया कि वे ही कल के नागरिक हैं और उन्हें भ्रष्टाचार से दूर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर देश को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ एच. रावटे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमे हमेशा सच बोलना चाहिए एवं ईमानदार रहना चाहिए। शाला के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की देशभक्ति पूर्ण प्रस्तुतियां बच्चों में राष्ट्रीय एकता एवं प्रेम का विकास करता है। प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन यास्मीन बेगम ने किया।

### स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा जीई एवं एसईसी का चयन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 28 जनवरी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा करुणा दुबे प्राचार्य के निर्देशन, डॉ ईपी चेलक एनई संयोजक, डॉ रीता पांडेय सहसंयोजक, अजय कुमार राजा, जिला मास्टर ट्रेनर, डॉ अजय कुमार देवांगन, डा मालती तिवारी के संयोजन में किया गया। महाविद्यालय में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद कक्षाएं प्रारंभ हो गई है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर में एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययन कर रहे हैं डॉ ईपी चेलक जानकारी दी कि आज महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों में से जीई एवं एसईसीका चयन विद्यार्थियों को अध्यापकों द्वारा उन्मुखीकरण कर विषय चयनित कराया गया, जिसकी सूची विश्वविद्यालय को भेजी जाएगी। उक्त अवसर पर दिलीप बधाई डॉ दुर्गावती भारती मनीराम धीवर श्रीमाधोपुर चौहान, राजेश्वरी सोनी, आशुतोष पुरी गोस्वामी, मृणाली, शिवानी, डा गरिमा, परवीन, रेणुका प्रकाशमणि आदि उपस्थित थे। कला संकाय में डॉ रीता पांडेय ने यह जानकारी प्रदान की कि ऐसे विद्यार्थी जो आज नहीं आ पाए हैं, कल महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने जीई एवं एसएससी का चयन कर लें।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों को उत्कृष्ट स्वयं सेवा एवं जनजागरुकता कार्य के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के 77वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड एवं सम्मान समारोह में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़े सदस्यों एवं स्वयंसेवकों को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवा, जन-जागरुकता एवं मानवीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक (माइक्रोबायोलॉजी) तथा यूथ रेडक्रॉस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्वेतलाना नागल को जिला रेडक्रॉस सेवाओं में उत्कृष्ट एवं समर्पित कार्य के लिए विशेष पुरस्कार से अलंकृत किया गया।

डॉ. नागल को यह सम्मान जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस शिविर में सहायक शिविर संचालिका के रूप में उल्लेखनीय भूमिका निभाने, सेवा गतिविधियों के सफल संचालन तथा 16 प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के साथ जिले का प्रभावी प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रदान किया गया। समारोह में परसराम सिन्हा व्याख्याता शाउमावि



देवरी एवं रेडक्रॉस ब्लॉक सचिव बागबाहरा को जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस शिविर के रूप में उनके सतत एवं सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवक धनेश लेहरे एवं जयप्रकाश देवदास शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला-वाणिज्य-विज्ञान महाविद्यालय बागबाहरा को कुरुक्षेत्र अंतर्राज्यीय यूथ रेडक्रॉस शिविर में उत्कृष्ट सेवाओं, सक्रिय सहभागिता एवं अनुकरणीय व्यवहार के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सभापति संदीप दीवान, जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरी गोस्वामी, अध्यक्ष जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, प्रबंध समिति पदाधिकारी पूर्व सभापति दाऊलाल चंद्राकर, सदस्य एवं पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, सदस्य एचआर बघेल, सदस्य राजेश्वर खरे, वार्ड पार्षद सुधा शर्मा, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शील भद्र कुमार तथा गजानंद बुढ़ेक, सहायक प्राध्यापक शासकीय खेमराज कला-वाणिज्य-विज्ञान महाविद्यालय बागबाहरा ने हर्ष जताया है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा पर डाइट में विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य अरूण प्रधान एवं उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में किया गया।

इस अवसर पर यातायात पुलिस हमर पुलिस हमर



संग एवं परिवहन विभाग संयुक्त तत्वाधान में उपनिरीक्षक हिरवानी, प्रधान आरक्षक पवन कुमार धनकर, हरीश चंद्राकर, चंद्रवंशी, महेन्द्र सिंह दीवान एवं परिवहन विभाग से आरबी निर्मलकर द्वारा विशेष मार्गदर्शन देते हुए बताया गया कि हम सभी को सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना चाहिए क्योंकि हम सभी अपने परिवार के लिए अनमोल धरोहर है। इस अवसर पर उपनिरीक्षक हिरवानी ने कहा कि एक्सिडेंट की स्थिति में हम घायल को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाला व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) सभी प्रकार की परेशानियों जैसे-अस्पताल, पुलिस विभाग और अदालती प्रक्रियाओं से सुरक्षित है। छात्राध्यापकों को प्रेरित करते हुए बताया गया कि सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा के तहत प्रशस्ति पत्र, 25000 रु. नगद एवं राष्ट्रीय स्तर पर 1,00,000 रु. सम्मान के रूप में देने का प्रावधान है। विशेष मार्गदर्शी कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अरूण प्रधान, उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा द्वारा सभी छात्राध्यापकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने के लिए प्रेरित किया गया। परिवहन विभाग से आर.बी. निर्मलकर द्वारा डाइट में अविलंब कैंप लगाकर ड्राइविंग लायसेंस बनाने की बात कही गई। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता संतोष कुमार साहू, टेकराम सेन, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, आकांक्षा साहू सहित डीएलएड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष छात्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता टेकराम सेन ने किया।

### फैकल्टी डाइवर्सिटी पर व्याख्यान कार्यक्रम

**महासमुंद।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में फैकल्टी डाइवर्सिटी को विशेष महत्व दिया गया है। इसके अंतर्गत कला संकाय का विद्यार्थी विज्ञान, वाणिज्य विषय एवं विज्ञानं एवं वाणिज्य संकाय का विद्यार्थी कला विषय का अध्ययन कर सकता है।
संकाय विविधता के महत्व को विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के निर्देशन एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में आज महाविद्यालय में फैकल्टी डाइवर्सिटी पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कला संकाय प्रभारी प्रो. डॉ. रीता पांडेय, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. डॉ मालती तिवारी, विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ ई पी चेलक, वाणिज्य संकाय प्रभारी, अजय कुमार राजा, छात्र संघ प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ दुर्गावती भारतीय, कंप्यूटर संकाय प्रभारी डॉ अजय कुमार देवांगन, दिलीप कुमार बढाई, केसर चंद वनपाल उपस्थित थे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर रीता पांडेय ने कहा- फैकल्टी डाइवर्सिटी में अलग-अलग पृष्ठभूमि अनुभव और पहचान वाले शिक्षकों की संतुलित भागीदारी आवश्यक होती है, इससे छात्रों को बहुआयामी दृष्टिकोण मिलता है। डॉ मालती तिवारी ने कहा - अलग-अलग क्षेत्र से आए हुए शिक्षकों से नवीन शिक्षण पद्धतियों के द्वारा शिक्षण की गुणवत्ता और नवाचार बढ़ता है। डॉ चेलक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रूपरेखा में इसे सर्वोपरि स्थान दिया गया है। यह उच्च शिक्षण संस्था की गुणवत्ता का महत्वपूर्ण संकेतक है। प्रो. अजय कुमार राजा ने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता का विकास होगा एवं जाति धर्म से ऊपर मानवता के प्रति समझ बनेगी। डॉ दुर्गावती भारतीय ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा की विविध पृष्ठभूमि से आए शिक्षकों की सहभागिता संस्थान को न केवल अकादमिक रूप से सशक्त बनाती है बल्कि उसे सामाजिक रूप से उत्तरदायी एवं संवेदनशील भी बनाती हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ जीवन चंद्राकर एवं आभार ज्ञापित दिलीप बढ़ाई द्वारा किया गया।



**खबर संक्षेप**



## सर्वांगीण विकास के लिए फाउंडेशन ने स्कूलों में सामग्री दान की

**बिरकोनी।** मेसर्स वॉल प्लास्ट प्रोडक्ट द्वारा स्कूलों को जरूरी सामग्री प्रदान किया गया। गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी में 50 नग टेबल बेंच, प्राथमिक शाला बिरकोनी सतनाम पारा में 15 नग टेबल बेंच एवं 2 नग सीलिंग फैन, पूर्व माध्यमिक कन्या शाला बिरकोनी में 1 नग कंप्यूटर सेट प्रदान किया। इस अवसर पर वॉल प्लास्ट प्रोडक्ट के कर्मचारी धनेश्वर भारद्वाज, आशीष श्रीवास्तव, शत्रुघन यादव, संजय सिंह चौहान उपस्थित रहे। बिरकोनी स्कूल के प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी, नेहा देशमुख, लोमिन साहू, मुकेश प्रजापति, राजेश सोनी सहित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए महाविद्यालय के सात का चयन



**महासमुंद।** राज्य स्तरीय हैंडबॉल महिला प्रतियोगिता 30 एवं 31 जनवरी को अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। जिसके लिए महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय से सात महिला खिलाड़ी सीमा साहू, अनामिका साहू, पूजा दीवान, चारु, ममता धीवर, गीतांजलि, रामेश्वरी, कोच कुलेश्वर पेंडरिया एवं मैनेजर पालन दीवान, क्रीड़ा अधिकारी 29 जनवरी को बिलासपुर रवाना हुए। प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे एवं क्रीड़ाधिकारी दिलीप लहरे के साथ ही महाविद्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## आत्मानंद स्कूल में अध्यक्ष भाऊराम ने किया ध्वजारोहण



**महासमुंद।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व पार्षद तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक गण व स्कूल के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके अलावा साहू ने अपने वार्ड के मुख्य चौक पर नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रध्वज को सलामी देकर गण पर्व की महत्ता बताई गई।

कार्यक्रम : शिक्षक-पालक सम्मेलन सह माता उन्मुखीकरण कार्यशाला

# पालकों की जागरूकता ही शिक्षा व्यवस्था की मुख्य धुरी : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

समग्र शिक्षा महासमुंद के तत्वावधान में

- विकासखंड स्तरीय सामुदायिक सहभागिता योजना अंतर्गत शिक्षक-पालक सम्मेलन सह माता उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

विकासखंड स्तरीय सामुदायिक सहभागिता योजना अंतर्गत शिक्षक-पालक सम्मेलन सह माता उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में पालक, बालक, शिक्षक एवं समुदाय की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की वास्तविक सफलता के लिए पालक को जागरूक होना आवश्यक है। विधायक सिन्हा ने पालकों से बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहने, विद्यालय से निरंतर संवाद बनाए रखने तथा बच्चों के नैतिक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पालकों की जागरूकता ही शिक्षा व्यवस्था की मुख्य धुरी है, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है।

इस अवसर पर अतिथियों ने सामुदायिक सहभागिता को शिक्षा की गुणवत्ता सुधार का आधार बताते हुए सभी पालकों एवं शिक्षकों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उपस्थित पालकों ने भी विद्यालय विकास एवं बच्चों की शैक्षणिक उन्नति में सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) रेखराज शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम तथा बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, संकुल समन्वयक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षिक विषयों पर नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा निर्मित शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) की प्रदर्शन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें संकुल तुमगांव के शिक्षक बलराम नेताम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, देवेंद्र दीवान द्वितीय तथा हेमवतीन तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में राधेश्याम साहू एवं खेमराज साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खेमिन साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक अशोक साहू, पवन साहू, सुरेश कुमार पटेल, आशीष साहू, नीरज साहू, सुरेंद्र चंद्राकर, ईश्वर कमार, ललित किशोर बया, फानेंद्र बंजारे, टाकेश्वर साहू एवं केशव साहू का विशेष योगदान रहा।



### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई

ओम नारायण शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख प्रावधानों, नई शैक्षणिक संरचना, कौशल विकास एवं मातृभाषा आधारित शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कविता देवांगन ने नवाजतन कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं विद्यार्थियों में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी दी। भारती सोनी ने अंगना म शिक्षा अभियान के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा में समुदाय एवं माताओं की सहभागिता की भूमिका को रेखांकित किया। के.आर. सोनवानी ने कठपुतली प्रदर्शन के माध्यम से शैक्षिक संदेश प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को जागरूक किया। नीलकंठ यादव ने सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता, स्कूल प्रबंधन समिति की भूमिका एवं जनसहयोग से विद्यालय विकास के आयामों पर विस्तार से जानकारी दी। दुर्गा यादव ने बालवाड़ी संचालन एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के महत्व को समझाया। बलराम नेताम ने आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफ.एल.एन.) के लक्ष्यों और रणनीतियों पर प्रकाश डाला, वहीं रामनाथ यादव ने गतिविधि आधारित शिक्षा के माध्यम से शिक्षण को आनंदमय एवं प्रभावी बनाने के उपाय साझा किए।

# कोमाखान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज

## धान खरीदी की तारीख बढ़ाने कांग्रेस का चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि छग प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार किसानों से एक-एक दाना धान खरीदी करने के झूठे वादे करके सत्ता में आई है। धान खरीदी को लेकर सरकार के दावों का पोल खुलती नजर आ रही है। इस दौरान धान खरीदी की तारीख बढाने कांग्रेसियों ने कोमाखान तहसीलदार, थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज 30 जनवरी को कोमाखान बाजार चौक स्थित समरसता भवन के सामने दोपहर 12 बजे से एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विशाल धरना-प्रदर्शन और सांकेतिक चक्का-जाम किया जाएगा खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में यह धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके प्रमुख उद्देश्यों में मनरेगा बचाओ संग्रामः केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ मनरेगा मजदूरों के हक की आवाज उठाना तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने प्रदेश के किसानों की समस्याओं को देखते हुए धान खरीदी की समय-सीमा में वृद्धि की मांग शामिल है।

इस धरने में ब्लॉक, मंडल, और मोर्चा प्रकोष्ठों के साथ-साथ युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई और किसान कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं से विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस लोकतांत्रिक लड़ाई को सफल बनाएं। ज्ञापन सौपने वाले प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तम राणा, युवा कांग्रेस कोमाखान ब्लॉक अध्यक्ष आकाश चंद्राकर, मयंक चंद्राकर, रफीक खान, नजीम खान, संतोष पांडे, भारत साहू, पीयूष चंद्राकर, रेखम साहू, गोलू साहू इत्यादि ने ज्ञापन सौपा है।

## स्काउट-गाइड रोवर-रेंजर राष्ट्रीय शिविर से लौटे बच्चों का सम्मान

**महासमुंद।** स्काउट-गाइड रोवर-रेंजर का राष्ट्रीय शिविर जिला बालोद में आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय हाई स्कूल लाफिन खुर्द के पांच विद्यार्थियों— चांदनी साहू (कक्षा 10), भूमिका साहू, छाया साहू, अंजलि साहू एवं गीतांजलि साहू ने सहभागिता करते हुए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर से सकुशल वापसी के पश्चात सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को जनपद पंचायत महासमुंद की अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान के द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतोष साहू जनपद सदस्य, सुंदर साहू, जानकी साहू सरपंच, शिव कुमार निषाद उपसरपंच, संतोष साहू, तुषार साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य भारत सिंह साहू ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिविर में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू, समिति के समस्त सदस्यगण एवं विद्यालय स्टाफ ने भी सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# राइजिंग स्टार अंडर-19 बनी पहली चैंपियन, 30 हजार रुपये व ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भंवरपुर



भंवरपुर नगर के ऐतिहासिक गढ़ मैदान में आयोजित 'भंवरपुर प्रीमियर लीग' के पहले सीजन का बुधवार को भव्य समापन हुआ। खिताबी मुकाबले में राइजिंग स्टार अंडर-19 कर्राभौना ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बालाजी वॉरियर्स को हराकर पहली बीपीएल ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भंवरपुर के सरपंच कृष्ण कुमार सिदार और उपसरपंच अनुराग शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया और युवाओं का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। राइजिंग स्टार अंडर-19 कर्राभौना के युवा जोश के आगे बालाजी वॉरियर्स का अनुभव थोड़ा फीका पड़ गया। अंततः राइजिंग स्टार ने संयम और बेहतरीन रणनीति के साथ जीत हासिल की और बालाजी वॉरियर्स उपविजेता (रनर-अप) रही। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच कृष्ण कुमार सिदार व उपसरपंच अनुराग शर्मा ने विजेता टीम को सम्मानित किया। जहां विजेता टीम राइजिंग स्टार अंडर-19 को 30, 000 रुपये का नकद पुरस्कार और चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही उपविजेता बालाजी वॉरियर्स को रनर-अप ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि गढ़ मैदान में ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर दर्शकों और खेल प्रेमियों ने भी आयोजन समिति को बधाई दी।

## पिटियाझर बजरंग चौक में 20 वर्षों से मनाया जा रहा गणतंत्र दिवस



**महासमुंद।** पिटियाझर बजरंग चौक में विगत 20 वर्षों से आनंदराम सेन के नेतृत्व में प्रतिवर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद कल्पना सूर्यवंशी एवं भारती चंद्राकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# प्रतिभा पब्लिक बालसी में निःशुल्क दंत जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और दंत स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रतिभा पब्लिक स्कूल, बालसी में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ के लिए निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों और कर्मचारियों में दांतों से जुड़ी बीमारियों की समय पर पहचान करना तथा उन्हें दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर अग्रवाल नर्सिंग होम, बसना से आए अनुभवी दंत चिकित्सकों की टीम ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। दंत चिकित्सक दल में डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. खुशबू अग्रवाल, डॉ. अखिल द्विवेदी, एवं डॉ. मैत्री ने दंत परीक्षण किया। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ के दांतों की बारीकी से जांच कर उन्हें दंत स्वच्छता, नियमित ब्रशिंग, स्वस्थ खान-पान एवं आवश्यक उपचार संबंधी उपयोगी जानकारी दी।

दंत चिकित्सकों के साथ आई सपोर्ट टीम में रिया वासवानी, सेविका प्रधान, ईशा यादव एवं अमर दास शामिल रहे, जिन्होंने शिविर के संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। जांच के दौरान बच्चों को दांतों की सही देखभाल करने, मीठे पदार्थों के सीमित सेवन तथा नियमित रूप से दंत चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी गई।

इस शिविर के दौरान कुल 408 विद्यार्थियों एवं 100 विद्यालय स्टाफ सदस्यों के दांतों की जांच की गई। डॉ. खुशबू अग्रवाल ने उपस्थित सभी लाभार्थियों को अपने दांतों की सुरक्षा के विषय में कुछ महत्वपूर्ण बाते आवश्यक रूप से अपनाने को कहा जिससे सभी भविष्य में दांतों की सुरक्षा को लेकर सजग तथा जागरूक हुए। अंत में, विद्यालय के प्राचार्य नरहरि पटनायक ने दंत चिकित्सक दल एवं उनकी सहयोगी टीम को विद्यालय में आकर विद्यार्थियों और स्टाफ के स्वास्थ्य के प्रति किए गए अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।





## मड़ई मेला में शामिल हुए साहू

**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम अछरीडीह में मड़ई मेला का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीण समिति ने चंदन गुलाब पुष्प श्रीफल से स्वागत किया। अशवंत तुषार साहू ने कहा मड़ई मेला महोत्सव छत्तीसगढ़ की एक पारंपरिक आदिवासी उत्सव है, जिसमें देवी-देवताओं की पूजा, लोक नृत्य (कर्मा, रेला), लोकगीत और नाटकों का आयोजन होता है। यह आदिवासी संस्कृति, सामाजिक मेलजोल और आर्थिक आदान-प्रदान का अद्भुत संगम है।



## कोसरिया मरार समाज नर्राराज की कार्यकारिणी बैठक

**नर्रा।** कोसरिया मरार समाज नर्राराज का कार्यकारिणी बैठक ग्राम परकोम में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देवी माता भगवती शांकभरी देवी के छाया चित्र के समक्ष पूजा अर्चन व आरती कर की गई। इसके पश्चात समाजिक पदाधिकारियों स्वागत गुलाल, चंदन, बंदन से किया गया। उक्त सभा को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सभापति के रूप में पदुमलाल पटेल को नियुक्त किया गया इसके बाद समाज में आए परकोम ग्राम से आवेदनों को सभापति के आदेशानुसार समाज के समक्ष सचिव के द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इस आवेदन के विवेचना व दोनों पक्ष से पूछताछ कर निराकरण किया। इसके पश्चात सामाजिक चर्चा परिचर्चा हुई, जिसमे आगामी 1 मार्च को ग्राम नर्रा में वार्षिक अधिवेशन एवं पंचवर्षीय समाज पदाधिकारियों के चयन पर चर्चा हुई।इस दौरान सभापति पदुमलाल पटेल संयोजक लोचन पटेल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, उपाध्यक्ष दुकालूराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखनलाल पटेल कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल उपकोषाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल महासचिव नेतराम पटेल, सचिव चंदन पटेल सलाहकार लक्ष्मी नारायण पटेल, जागेश्वर पटेल, भीखूराम पटेल, गणेश पटेल, कृष्ण चंद पटेल, सदाराम पटेल, राधेश्याम पटेल, दयाराम पटेल, लखन पटेल, नोहर पटेल, रघुलाल पटेल, फैलसिह पटेल, लोकनाथ पटेल समेत समाज के लोग मौजूद रहे।

# 13 वीं बार ललितपुर विद्यालय में नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भंवरपुर

बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर, संकुल केंद्र जमदरहा में संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2025 से सम्मानित प्रधान पाठक गफ्फार खान के नेतृत्व में सामाजिक सहयोग से तेरहवीं बार नेवता भोज का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आज के नेवता भोज कार्यक्रम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेहरूलाल और सदस्य कायतराम द्वारा स्वेच्छा से पीएम पोषण योजना अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन आंशिक रूप से कराया गया। नेवता भोज में मिक्चर, अमरूद, बिस्किट, चॉकलेट आदि वितरित किया गया। नेवता भोज का आनंद सभी बच्चों ने लिया, नेवता भोज देने के लिए ललितपुर के प्रधान पाठक गफ्फार खान ने समिति सदायों को धन्यवाद दिया है। इस नेवता भोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक शिक्षक प्रहलाद साहू ने कहा नेवता भोज से भोजन मूल्यों में वृद्धि हो रही है जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास हो रहा। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नेहरूलाल ने कहा कि नेवता भोज से हमारे विद्यालय में सभी वर्गो में सामाजिक सहभागिता की भावना और बच्चों में समानता की भावना विकसित हो रही है। आज के कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नेहरूलाल साहू, उपाध्यक्ष खेमकुमारी, रामेश्वरी, महेत्तरीन, बुधियारिन, घुराऊराम, सहायक शिक्षक प्रहलाद साहू, आंगनबाड़ी सहायिका गायत्री आदि उपस्थित थे। नेवता भोज के इस आयोजन पर बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक अनिल सिंह साव, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर, जमदरहा नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, जमदरहा संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे, बड़ेटेमरी संकुल समन्वयक वारिश कुमार, बसना संकुल समन्वयक संघ के अध्यक्ष त्रिकांत बाघ और जमदरहा संकुल के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina
Tightening
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060

सुयश हॉस्पिटल
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% की छूट
कोटा - गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर

ओम हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में इलाज

online Booking-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/-
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
राशि- स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411